Volume:1 Issue:12 May2016

# E-newsletter

(Monthly Publication)

# Kanpur Municipal Corporation

संरक्षक

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा० महापौर
श्री उमेश प्रताप सिंह
नगर आयुक्त

परामर्श मण्डल

श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं० एम० के० सिंह
मुख्य अभियंता (सिविल)
महाप्रबंधक,जलकल

मुख्य सम्पादक

इं० सुरेश चंद
प्रभारी आई०टी०

सह संपादक

श्री वी०के० सिंह
उद्यान अधीक्षक
डॉ ए०के० सिंह
पशु चिकित्सा अधिकारी

कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन

संदीप कुमार तिवारी

## 1- 28 वार्डों में ,डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को हरी झंडी




नगर निगम कानपुर द्वारा मेसर्स ए 2जेड द्वारा कार्य बंद कर देने के उपरान्त 15 अगस्त 2015 से सालिड वेस्ट मैनेजमन्ट योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में डोर टू डोर कूडा कलेक्शन का कार्य कानपुर नगर निगम द्वारा 6 जोनो में कुल 37 वार्डो में किया जा रहा था | इसी क्रम में दिनांक 02.05.16 को 28 वार्डो के अन्तर्गत डोर टू डोर कूडा कलेक्शन का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है | कूडा कलेक्शन कार्य के लिए नगर निगम द्वारा 28 वार्डो में 200 रिक्शों का प्रबन्ध भी किया गया। इन रिक्शो में हरे रंग की डस्टबिन रखी गई है। प्रातः 8.00 बजे से कूडा कलेक्शन का कार्य प्रारम्भ कर दिया जाता है ।

इस अवसर पर माननीय महापौर श्री जगवीर सिंह द्रोण जी द्वारा रिक्शा चालकों को हरी झंडी दिखा कर नगर निगम मुख्यालय मोतीझील से सम्बन्धत वार्डो में भेजा गया । मा0 महापौर जी ने कहा कि नगर में 37 वार्डो में पूर्व में ही अभियान चल रहा था तथा नगर के 28 वार्ड भी डोर टू डोर कूडा कलेक्शन की परिध में ले लिए गये हैं। समस्त सबन्धित वार्डो के नागरिकगणों से अपील की गई कि वे घर का कूडा समय से नगर निगम कार्मियों को दे दें जिससे कूडा सडक पर न फेंके तथा अपने शहर को साफ.सुधरा रखे। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 पकंज श्रीवास्तव,मुख्य अभियन्ता श्री मनीष कुमार सिंह, जन सम्पर्क अधिकारी श्री राजीव शुक्ल अधिशाषी अभियंता श्री सुरेश चंद, उद्यान अधीक्षक श्री वी0के0सिंह, तथा मा0 पार्षद श्री पप्पू पाण्डेय, सतेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे ।

Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in, Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

## 2 - नगर निगम द्वारा जोन वाइज कराये गए सिविल कार्यो का विवरण

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | लागत (रु) लाख में |
|---|---|---|
| 1 | जोन–3 वार्ड–24 के अन्तर्गत डब्ल्यू–1 ब्लाक केशव नगर में म0नं0– 127/675 से एंजिल अस्पताल होते हुये नर्मदेश्वर मन्दिर तक प्लाण्ट द्वारा सड़क, फुटपाथ एवं नाली का सुधार कार्य। | 1273892 |
| 2 | जोन–3 वार्ड–36 के अन्तर्गत अर्रा विनगवॉ में म0.नं0–267, 610, 516 एवं 299 से घिरी हुई आन्तरिक सड़कों एवं नालियों का सुधार कार्य। | 20622364 |
| 3 | जोन–2 वार्ड–44 के अन्तर्गत मोहनी गली में दिलीप श्रीवास्तव के घर से हीरो` मकान तक टाइल्स द्वारा सडक एवं नाली का सुधार कार्य। | 1251854 |
| 4 | जोन74 वार्ड–107 के अन्तर्गत तिरपाल मैदान 92/11 से 92/1 की गली में टाइल्स लगाने एवं जल निकासी पाइप डालने का कार्य। | 1485484 |
| 5 | जोन–3 वार्ड–88–83 के अन्तर्गत कर्रही मेन रोढ से काठ की पुलिया तक सडक, फुटपाथ एवं नाली का सुधार कार्य। | 12025419 |
| 6 | जोन–5 वार्ड–89 में चन्देल रोड से सन्तनगर चौराहे तक फुटपाथ का दाहिनें साइड सुधार कार्य। | 1044105 |
| 7 | जोन–2 वार्ड–71 के अन्तेर्गत ललित सिंह एडवोकेट के मकान से आर ई राय के मकान तक टाइल्स द्वारा सडक व नाली का सुधार कार्य। | 1253566 |
| 8 | जोन–2 वार्ड–48 के अन्तर्गत वाई ब्लाक किदवई नगर में चामुण्डा पार्क के चारों तरफ टाइल्स द्वारा साइड पटरी का सुधार कार्य। | 1019407 |
| 9 | जोन–2 वार्ड–95 के अन्तर्गत सुलभ शौचालय से तहदुलज के मकान एवं तसदुल के मकान एवं लोहा सिंह के मकान तक टाइल्स द्वारा सडक का सुधार कार्य। | 954599 |

## 3 - सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित विदाई



नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा 31.05.16 को सेवा निवृत्त हुए 12 कर्मचारियों को माला पहनाकर , उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ शॉल व मिठाई देकर बिदाई की गयी । मा0 महापौर जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आशीर्वचन देते हुये उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के सम्मानित पार्षदगणों के अतिरिक्त नगर आयुक्त अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

*सामान्य कर (गृहकर) जमा करके कानपुर महानगर व अपने वार्ड के विकास हेतु अपने दायित्व का निर्वहन करे।*

## 4 .पानी की समस्या हेतु निरीक्षण



नगर की पानी की समस्या को देखते हुए मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण जी ने दिनांक 02.05.16 को नगर के पम्पिंग स्टेशनों , गंगा बैराज व भैरवघाट पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया । निरीक्षण में मा0 महापौर जी ने जलकल महा प्रबन्धक श्री जवाहर राम को निर्देशित किया कि भैरोघाट पम्पिंग स्टेशन पर गंगा की धारा से मोडकर नगर में पानी की व्यवस्था को अति शीघ्र दुरूस्त कराएं । मा0 महापौर जी ने महाप्रबन्धक जलकल को यह भी निर्देशित किया कि नगर निगम के सभी पानी के लीकेज को समय से दुरूस्त करायें तथा ठीक होने वाले हैण्ड पम्पों को तत्काल ही ठीक कराऐं । निरीक्षण के समय मा0 पार्षद श्री महेन्द्र पाण्डेय पप्पू उपस्थित रहे।

## 5.आम जनता को वाई फाई सुविधा एक पहल



श्री अरूण पाठक माननीय विधायक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र कानपुर की विकास निधि से नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थित पार्क को वाई-फाई बनाये जाने के कार्य का शिलान्यास दिनांक 03.05.16 को माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण जी द्वारा किया गया । पार्क का सौन्द्रयीकरण नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा एवं वाई-फाई का कार्य नगर निगम के आई0टी0 विभाग द्वारा सम्पादित किया जाना है। पार्क में कम से कम एक साथ 500 लोगो के वाई-फाई यूज किये जाने की क्षमता के उपकरण लगाये जाना प्रस्तावित हैं। पार्क में वाई-फाई 250*250 मीटर के क्षेत्र में कार्य करेगा, जिस पर कुल 10.42 लाख रूपये व्यय का अनुमान है। पार्क के सौव्द्रीयकरण एवं वाउन्ड्रीवाल इत्यादि कार्य पर प्रथम चरण में कुल रु 14.81 लाख के व्यय का अनुमान है।

इस अवसर पर मा0 महापौर जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के युग में कम्प्यूटर ,लैपटॉप, टेबलेट , मोबाइल एजूकेशन का अभिन्न अंग है। एजूकेशन से जुडे बच्चे जो इण्टरनेट कनेक्शन लेने में असमर्थ होते हैं उनके लिए इस तरह की सुविधाये होना लाभप्रद होगी । उन्होंने यह भी अपेक्षा की कि कानपुर के अन्य स्थानों पर भी वाई-फाई पार्क की सुविधाऐं उपलब्ध कराने के प्रयत्न किये जाये। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य अभियन्ता श्री मनीष कुमार सिंह, जन सम्पर्क अधिकारी श्री राजीव शुक्ल, श्री ओम प्रकाश संगठन मत्री भा0ज0पा0, नेता पार्षद दल भा0जा0पा0, मा0 श्री सेतेन्द्र सिंह , नेता पार्षद दल समावादी पार्टी श्री सुहेल अहमद , नेता पार्षद दल कांग्रेस श्री अशोक तिवारी , श्री राकेश साहू, श्री बिप्लव सिंह , श्री विकास सिंह, श्री अभिमन्यू सक्सेना, उद्यान अधीक्षक श्री वी0 के0 सिंह,आई0 टी0 विभाग से प्रमेन्द्र त्रिवेदी, परवेज़ खान, कृष्ण बिहारी मिश्रा , राहुल सब्बरवाल, संदीप तिवारी व नगर निगम के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

